बिहार सरकार

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

आदेश

संख्या– वि० प्रा० (I) नि०–04 / 2013 / 1618 / पटना, दिनांक – 16/3/26

स्व० ध्रुव प्रसाद, तत्कालीन प्राचार्य, एम.आई.टी., मुजफ्फरपुर सह–निदेशक, विज्ञान एवं प्रावैधिक विभाग, पटना सम्प्रति सेवानिवृत को निगरानी धावा दल द्वारा ₹ 1,50,000/- (एक लाख पचास हजार रूपये) रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार करते हुए निगरानी थाना कांड सं०–030 / 2013 दिनांक–24.06.2013, धारा–7 / 8 / 13(2)–सह पठित धारा–13(1) (डी0) भ्र0नि0अधि0 1988 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गयी।

विभागीय संकल्प सं०–1239 दिनांक–21.05.2024 द्वारा श्री ध्रुव प्रसाद के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने के अनुरोध के आलोक में विभागीय जाँच आयुक्त द्वारा श्री प्रसाद के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही सं०–56 / 14 संचालित की गयी।

जाँच आयुक्त द्वारा विभाग को समर्पित जाँच अधिगम में आरोपित पदाधिकारी के विरूद्ध आरोप प्रमाणित पाये गये है। साथ ही यह भी अंकित किया गया कि भविष्य में माननीय विशेष न्यायाधीश निगरानी–I के न्यायालय में पारित आदेश के फलाफल के अनुरूप प्रशासी विभाग यथोचित निर्णय लेने को स्वतंत्र है।

स्व० ध्रुव प्रसाद की मृत्यु की सूचना बन्दना प्रेयषी, सचिव–सह–जाँच आयुक्त द्वारा विभाग को दी गयी है।

विभागीय पत्रांक–5157 दिनांक–19.09.2025 एवं स्मार पत्रांक–5858 दिनांक–12.11.2025 के आलोक में पुलिस अधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना के पत्रांक–15130 दिनांक–03.12.2025 के द्वारा सूचित किया गया है कि श्री प्रसाद की मृत्यु हो जाने के कारण माननीय न्यायालय द्वारा इनका नाम दिनांक–05.04.2025 को मिटा (Expunge) दिया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–8811, दिनांक–18.07.2017 की कंडिका–04 मे निहित प्रावधान के आलोक में स्व० ध्रुव प्रसाद, तत्कालीन प्राचार्य, एम.आई.टी., मुजफ्फरपुर सह–निदेशक, विज्ञान एवं प्रावैधिक विभाग, पटना सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध आरोप प्रकरण संचिकास्त किया जाता है।

(ii) इसमें सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का परामर्श प्राप्त है।

2. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह० 16/3/26
अपर सचिव–सह–निदेशक,

ज्ञापांक – वि० प्रा० (I) नि०–04 / 2013 / 1618 / पटना, दिनांक – 16/3/26

प्रतिलिपि– प्रधान महालेखाकार, बिहार, पटना / प्रभारी पदाधिकारी वित्त (वै० दा० नि० को०) विभाग, पटना / कोषागार पदाधिकारी, MIT, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 16/3/26
अपर सचिव–सह–निदेशक

ज्ञापांक – वि० प्रा० (I) नि०–04 / 2013 / 1618 / पटना, दिनांक – 16/3/26

प्रतिलिपि– मुख्य जाँच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना / पुलिस अधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 16/3/26
अपर सचिव–सह–निदेशक

ज्ञापांक – वि० प्रा० (I) नि०–04/2013/ 1618 /पटना, दिनांक – 16/3/26

प्रतिलिपि– माननीय विभागीय मंत्री के प्रधान आप्त सचिव/ सचिव के प्रधान आप्त सचिव/ निदेशक के निजी सहायक/प्रशाखा पदाधिकारी–II/आई०टी० मैनेजर (ई–मेल करने एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु), विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव–सह–निदेशक